# पेट की भूख मिटाने मासूम गंदगी से ढूंढ रहे प्लास्टिक

**खास बातें**

- **खेलने और पढ़ने की उम्र में कर रहे यह काम**
- **सरकार की योजनाओं का नहीं मिल रहा लाभ**



**नवभारत न्यूज**

**पठारी 11 अक्टूबर, वैसे तो सरकार गरीबों के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित कर रही है परन्तु यह योजनायें गरीबों से कोसों दूर दिखाई दे रही हैं, जिससे खेलने कूदने एवं पढ़ाई की उम्र में मासूम बच्चे नगर की गंदगी एवं कचरे के ढेर से प्लास्टिक एवं लोहे के टुकड़े चद्दर इकट्ठा करके पेट की भूख मिटाने जद्दोजहद करते दिखाई देते हैं. इन बच्चों की जिंदगी से खेलने कूदने एवं शिक्षा काफी दूर हो चुकी है.**

इन दिनो नगर में अपने पेट की भूख मिटाने के लिए छोटे-छोटे बच्चे गंदगी और कचरे के ढेर से प्लास्टिक इकट्ठा करते हुए घूम रहे हैं. छोटी बच्चियों से लेकर उनकी माताएं भी प्लास्टिक के बोरी में गंदगी एवं कचरे के ढेर से सामग्री इकट्ठा करते नजर आ रहे हैं पेट की भूख मिटाने के लिए गंदगी के ढेरो से प्लास्टिक इकट्ठा कर अपने परिवार का पालन पोषण करने की कवायद में जुटे रहते हैं. शासन की योजना तो चल रही है परन्तु कई गरीबों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता. जिस कारण गरीब नागरिकों को परिवार चलाने के लिए अपना घर छोड़कर दूरदराज क्षेत्रों में जाकर प्लास्टिक इकट्ठा करके परिवार के पालन पोषण की व्यवस्था जुटानी पड़ती है. पेट भरने की कवायद के चलते हम एवं हमारे परिवार के बच्चे शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते हैं. साथ ही प्लास्टिक इकट्ठा करने वाली खजरा एवं खामखेड़ा निवासी महिला ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह कार्य हमारे परिवार में सभी लोग करते हैं हमें भी यही करना पड़ रहा है हम लोग चार पांच दिन मेहनत करते हैं तब जाकर हमारे हाथ में हजार दो हजार रुपए आ पाते हैं. हम सरकार की योजना का लाभ उठाने के लिए दर- दर भटकने के बाद जब हमें लाभ नहीं मिल पाता तब हमारे सामने अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए हमें अपने घरों से दूर रहना पड़ता है जिसके कारण हमारे परिवार के बच्चे शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते. हमें मजबूर होकर अपने- अपने बच्चों से गंदगी से प्लास्टिक इकट्ठा करके उसे बेचकर पैसे इकट्ठा करते हुए अपने जीवन की गाड़ी चलाने मजबूर होना पड़ता है.

# चैक बाउंस के मामले में 6 माह की हुई सजा

**2023 में 10 लाख 70 हजार का चैक हुआ था बाउंस**

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 11 अक्टूबर, जिला एवं अपर सत्र न्यायालय ने चेक बाउंस के एक मामले में रामलीला मार्केट विदिशा के एक व्यापारी नेतसिंह ठाकुर को छह माह के कारावास की सजा सुनाई है. यह फैसला किसान की सोयाबीन उपज का भुगतान न करने से संबंधित है.**

मामला वर्ष 2023 का है. ग्राम कुल्हन के किसान रामराज सिंह दांगी और वीर सिंह दांगी ने 500 क्विंटल सोयाबीन की फसल व्यापारी नेतसिंह को बेची थी. फसल बेचने के बाद व्यापारी ने किसानों को दो चेक दिए थे. वीर सिंह दांगी को 10,70,000 रुपये का और रामराज सिंह दांगी को 8,52,600 रुपये का चेक दिया गया था. जब किसानों को भुगतान नहीं मिला, तो उन्होंने ये चेक बैंक में जमा किए. बैंक खातों में पर्याप्त राशि न होने के कारण दोनों चेक बाउंस हो गए. इसके बाद किसानों ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया. पैरवी कर रहे वकील धर्मेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि चेक बाउंस के इस मामले में व्यापारी नेतसिंह शुरुआत में कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहा था. इस पर दोनों फरियादी किसानों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की. उच्च न्यायालय ने गंजबासौदा न्यायालय को इस प्रकरण को छह महीने के भीतर निपटाने का निर्देश दिया था. उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद गंजबासौदा न्यायालय ने मामले में तेजी दिखाई और व्यापारी कोर्ट में पेश हुआ. न्यायाधीश आफरीन यूसुफ जई ने दोनों चेक बाउंस मामलों में नेतसिंह को छह-छह महीने के कारावास की सजा सुनाई.

## आज 8 घंटे बिजली बंद

**नवभारत न्यूज**

**सांची,** रविवार को 132 केवी सबस्टेशन आमखेड़ा पर पोस्ट मानसून मेंटेनेंस कार्य किए जाने के कारण क्षेत्र भर में आठ घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी. इस कारण 33 केवी आमखेड़ा, 33 केवी बेरखेड़ी, 33 केवी दीवानगंज एवं 33 केवी इंडस्ट्रियल फीडर की सप्लाई सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी. बिजली बंद रहने से सांची, सलामतपुर, दीवानगंज, मेढ़की, गुलगांव, ऐरन, सेमरा, बेरखेड़ी, जमुनिया, तिजालपुर, नीनोद, कायमपुर, मुडियाखेड़ा, बांसखेड़ा सहित आसपास के अनेक गांव प्रभावित रहेंगे. इस संबंध में सलामतपुर-सांची सहायक प्रबंधक मनीष कुमार ने बताया कि मानसून के बाद 132 केवी लाइन पर आवश्यक मरम्मत और निरीक्षण कार्य किया जाना है. उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बिजली से संबंधित आवश्यक कार्य बिजली बंद होने से पूर्व ही पूर्ण कर लें, जिससे किसी प्रकार की असुविधा न हो.

# उदयपुर को विश्व विरासत में शामिल होने की पूरी क्षमता

**नवभारत न्यूज**

**उदयपुर 11 अक्टूबर, चिन्मय इंटरनेशनल के संन्यासी ब्रह्मचारी वेद चैतन्य का कहना है कि केवल नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर ही नहीं, पूरा उदयपुर ही एक महान और बिखरी हुई विरासत का प्रतीक है. यह आश्चर्य है कि यह अब तक देश की निगाहों से अछूता रहा है. उदयपुर को विश्व विरासत में शामिल होने की पूरी क्षमता है. शासन को इस ओर प्रयास करने चाहिए ताकि सांची और खजुराहो की तरह एक हजार साल पुराने शहर के खंडहर, मंदिर और बावड़ियाँ भी विश्व की दृष्टि में आ सकें. केरल के वेलियानाड से उदयपुर हेरिटेज वॉक पर आए चैतन्यजी उदयपुर की विरासत देखकर मंत्रमुग्ध हो गए.**

उन्होंने कहा कि देश में यह अकेली ही ऐसी ऐतिहासिक जगह होगी, जहाँ इतने अधिक शिलालेख मिलते हैं. यहाँ मंदिर स्थापत्य के विशेषज्ञों को आना चाहिए और यह देखना चाहिए कि स्थापत्य और वास्तु का यह कैसा विकसित केंद्र रहा होगा, जहाँ एक साथ इतने जलस्त्रोत सदियों तक बनते रहे जिनके डिजाइन आज भी दिमाग घुमा देते हैं. यह हमारे गुण संपन्न पूर्वजों की विरासत है, जिसकी रक्षा करना केवल सरकार का काम नहीं है. स्थानीय प्रशासन और पंचायत को भी अपने स्तर पर इसे साफसुथरा और कब्जामुक्त रखने की निरंतर जरूरत है. उनके साथ आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास के अधिकारी महेंद्र भवालकर भी आए. उदयपुर हेरिटेज टीम के प्रवीण शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया और मंदिर के अलावा महल की सैर कराई. उन्होंने हेरिटेज टीम के प्रयासों की भी जानकारी उन्हें दी.

# विशाल कलश यात्रा निकली जगह-जगह स्वागत किया

**नवभारत न्यूज**

**गुलाबगंज, दांगी धर्मशाला में श्रीमद् भागवत संगीत मय कथा का आयोजन क्षेत्र के दांगी समाज द्वारा किया जा रहा है. कथा के पूर्व नगर में विशाल मंगल कलश यात्रा रेलवे स्टेशन स्थित श्री हनुमान मंदिर से दांगी धर्मशाला तक निकाली गई.**

अधिकांश पुरुष वर्ग साफा पगड़ी के साथ तो महिला वर्ग पीली वासंती परिधान में सिर पर मंगल कलश लेकर चल रही थी. जलूस में बैंड-बाजे डीजे की धुन पर युवा वर्ग नृत्य कर रहे थे. जलूस का जगह जगह स्वागत किया गया. गुलाबगंज के इतिहास में इस आयोजन के पूर्व इतनी विशाल



कलश यात्रा पहले कभी नहीं निकली. इसके आगे कथा व्यास पीठ के कथावाचक विपिन बिहारी महाराज भक्तों के साथ चल रहे थे. दांगी धर्मशाला में जलूस सभा में परिवर्तित हो गया. इसके पश्चात संगीत मय कथा प्रारम्भ हुई. कथा स्थल पर भव्य आर्कषक पंडाल कथा की शोभा में चार-चांद लगा रहा था.

# आपसी रंजिश में हुआ विवाद

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा, थाना प्रभारी संजय वेदिया ने बताया की वार्ड एक फ्रीगंज में जो दो परिवारों के बीच झगड़ा हुआ है उसमें दोनों पक्षों पर प्रकरण कायम कर लिया गया है. एक महिला के साथ मारपीट के दौरान नाक पर चोट आई है. आपसी रंजिश के चलते यह विवाद हुआ था.**

महिलाओं के बीच हुआ विवाद. नाक काटने का किया प्रयास. लहूलुहान महिला पहुंची थाने में. पुलिस ने मामला विवेचना में लिया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक एक फ्रीगंज का मामला बताया गया है दो



रैकवार परिवारों की महिलाओं के बीच विवाद हो गया. गाली गलौज मारपीट के बाद एक महिला की नाक काटने का प्रयास धारदार हथियार से किया. किसी तरह उसकी नाक बच पाई मामले की तहकीकात पुलिस कर रही है.

## एनएसए के तहत की गई कार्यवाही

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अंशुल गुप्ता द्वारा असद खान जिलानी निवासी ग्राम खुदारामपुर, थाना मुरवास को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए केन्द्रीय जेल भोपाल में निरूद्ध किए जाने का आदेश पारित किया गया है. बीते दिनों सोशल मीडिया पर भारत माता के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में आरोपी असद पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था. जानकारी के अनुसार बीते दिनों सोशल मीडिया पर एक स्थानीय नागरिक द्वारा की गई पोस्ट पर आरोपी द्वारा भारत माता को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी. जिसके बाद शहर का माहौल गर्मा गया था. शहर सहित जिलेभर में विभिन्न संगठनों द्वारा सोशल मीडिया पर भारत माता पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले आरोपी पर कड़ी कार्यवाही की मांग की गई थी. पुलिस ने शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया था.

# नपा अध्यक्ष ने की निकाय के कार्यों की समीक्षा

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमति शशि अनिल यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा निकाय में चल रही समस्त योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक ली गई. इस मौके पर शाखा प्रभारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं को समयसीमा में पूर्ण करने और हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखने को कहा. बैठक में निकाय में पदस्थ उपयंत्रीयों नरेन्द्र सिंह चौहान, श्रीमति मोहिनी कोरी को प्रधानमंत्री आवास योजना एवं निर्माण कार्यों के संबंध में निर्देशित किया गया. वही राजस्व अमले को शत प्रतिशत वसूली करने एवं शासन निर्देश अनुसार वार्ड प्रभारियों को समग्र केवायसी पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया. उक्त समीक्षा बैठक में निकाय के समस्त शाखा प्रभारी एवं वार्ड प्रभारी उपस्थित थे.

# आदिवासी उत्थान को मिली नई दिशा, ग्रामसभा में प्रस्ताव पारित

**आदिवासियों को मुख्यधारा से जोड़ जीवन स्तर बेहतर बनाने के प्रयास**

**नवभारत न्यूज**

**सांची, राज्य शासन द्वारा संचालित धरती आभा योजना का उद्देश्य आदिवासी समुदाय के समग्र विकास के लिए उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, स्वच्छ पेयजल, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं से जोड़ना है. इस योजना के माध्यम से शासन ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत आदिवासियों को मुख्यधारा से जोड़कर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहा है.**

इसी क्रम में समीपस्थ ग्राम पंचायत उचेर अंतर्गत ग्राम मढ़ा में धरती आभा योजना के तहत विशेष आमसभा का आयोजन किया गया. इस बैठक में पंचायत क्षेत्र के सभी



ग्रामों अन्होरी, मढा, बेरखेड़ी, उचेर, सूखा करार आदि के आदिवासी परिवारों को मूलभूत सुविधाएं और शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए. आमसभा में निर्णय लिया गया कि आदिवासी वर्ग को प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम जनमन योजना, पेयजल योजना, सड़क निर्माण, बिजली व्यवस्था, शिक्षा सुविधाएं और गरीबी रेखा से जुड़ी अन्य योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से उपलब्ध कराया जाएगा. इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पांच वर्ष की समय-सीमा तय की गई है.

ग्राम पंचायत सरपंच अरविंद सिंह ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य पंचायत क्षेत्र में निवासरत आदिवासी समुदाय का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है. उन्होंने कहा कि शासन की प्रत्येक योजना का लाभ उन्हें समय पर मिले, इसके लिए पंचायत स्तर पर सतत प्रयास किए जाएंगे. इस अवसर पर सचिव हरिनारायण मीणा, सहायक सचिव थानसिंह कुशवाहा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पानबाई पल्या, आशा कार्यकर्ता, शिक्षक कोमल सिंह अहिरवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे.

सरपंच अरविंद सिंह ने ग्रामसभा में कहा कि हमारा लक्ष्य है कि पंचायत के प्रत्येक आदिवासी परिवार तक शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंचे, जिससे उनका सामाजिक और आर्थिक उत्थान सुनिश्चित हो सके. ग्रामसभा में उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि शासन की इस योजना से उन्हें अब बेहतर आवास, रोजगार और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं की उम्मीद जगी है. ग्रामीणों ने कहा कि यदि इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हुआ तो आने वाले वर्षों में गांवों की तस्वीर बदल जाएगी और आदिवासी समुदाय आत्मनिर्भर बन सकेगा.

♦ शव वाहन / फ्रीज़र
♦ ब्लड ग्रुप लिस्ट
♦ मरीज इलाज उपकरण
♦ पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
♦ देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए
शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.
निःशुल्क सेवा

मोबाइल में बजता है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो रेडियो
84 35 250 250
प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए

# राज्य स्तर के लिये तीन छात्रों का चयन, सेंट एसआरएस स्कूल ने किया सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा, सैण्ट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल के तीन छात्रों का राज्य स्तरीय शालेय बालरंग एवं ताइक्कांडो प्रतियोगिता में चयन हुआ है.**

गत वर्ष के नेशनल ताइक्कांडों खिलाड़ी सक्षम जाटव ताइक्कांडों प्रतियोगिता एवं बालरंग प्रश्नमंच जूनियर वर्ग में राशि राजपूत एवं प्रद्युम्न पाराशर का संभाग स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है. कोच गजेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि सक्षम जाटव कक्षा 11 का विद्यार्थी है और पिछले साल भी ताइक्कांडों की प्रतियोगिता का नेशनल खिलाड़ी रह चुका है. इस साल आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में उसके बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए उसका चयन राज्य स्तर के लिए किया गया है. आगामी 8 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक देवास जिला मुख्यालय पर राज्य स्तरीय शालेय ताइक्कांडों प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें शामिल होने सक्षम रवाना होगा. इसी तरह भोपाल में आयोजित संभाग स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता में राशि राजपूत और प्रदुम्न पाराशर ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर राज्य स्तर के लिए चयन पक्का किया है. सोमवार को संस्था के डायरेक्टर के.एस. यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती सुधा यादव, प्राचार्य उमेश चंद यादव, काउंसलर श्रीमती संघमित्रा यादव, कोऑर्डिनेटर प्रियंका अग्रवाल, उप्राचार्य श्रीमती रजनी गुप्ता, एन.एस.एस. बालक ईकाई प्रभारी कृष्ण पाल सिंह चौहान सहित खेल अधिकारी कपिल गौड़ के निर्देशन में सक्षम जाटव, राशि राजपूत और प्रदुम्न पाराशर का अभिनंदन कर उन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शहर का नाम रोशन करने की अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं.

# पति-पत्नी के बीच हुआ विवाद, पत्नी ने पति की बेलन से की पिटाई

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** त्योंदा निवासी अनुराग कुर्मी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई तथा पत्नी से बढ़ाने की गुहार लगाई क्योंकि पत्नी ने उसकी बहुत बुरी तरह बेलन से पिटाई लगाई इससे वह लहू लोहान हो गया था. थाना प्रभारी बबीता सिंह चौधरी ने तहकीकात के बाद शिकायतकर्ता की पत्नी अंबिका कुर्मी पर प्रकरण कायम कर लिया है. धारा 296, 115 , 2, 118, 2, 351, 3 के तहत मामला दर्ज किया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार पत्नी मायके जाना चाहती थी. परंतु पति ने जाने से मना कर दिया. इस बात को लेकर पत्नी को गुस्सा आ गया और उसने बेलन से पति की ठुकाई कर दी.

**श्रमदान** | **साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5 .0 का द्वितीय चरण सामाजिक संगठनों के सहयोग से बना अद्वितीय**

# रिपटा घाट से गंज पुल तक दिखी निर्मल वेत्रवती की झलक

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा, नदी जल संरक्षण और जन-जागरूकता की दिशा में लगातार कार्यरत श्रमदान दल गंजबासौदा के तत्वावधान में रविवार को स्वच्छता अभियान संपन्न हुआ.**



साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत यह अभियान विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों, राजस्व विभाग एवं नगर पालिका परिषद के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया. श्रमदान दल के आवाहन पर, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव के नेतृत्व में, विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के प्रांत गौ-रक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल के सक्रिय प्रयासों से, अनुविभागीय अधिकारी तथा तहसीलदार अरविंद यादव के निर्देशन में, तथा विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल, व्यापार महासंघ गंजबासौदा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, फीड बैक फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी के सानिध्य में नगर पालिका परिषद के सदस्यों ने बेतवा नदी स्थित गंज पुल पर एकत्र होकर श्रमदान किया. संयुक्त प्रयासों का परिणाम यह रहा कि रिपटा घाट से लेकर गंज पुल तक बेतवा नदी ने वर्षों बाद अपना निर्मल और प्राणदायी स्वरूप प्रदर्शित किया. मानो माँ वेत्रवती स्वयं अपने बच्चों को आशीर्वाद देने धरती पर उतर आई हों. नगर में पिछले पाँच वर्षों से निरंतर चल रहे इस अभियान ने इस रविवार सामाजिक समरसता और जन-एकता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया. प्रात: 6.30 बजे से ग्राम गंज स्थित रिपटा घाट से श्रमदान की शुरुआत हुई. दल के सदस्यों ने घाट और तटों पर फैली पूजा सामग्री, विसर्जित मूर्तियाँ, तेल-शैम्पू पाउच, पॉलिथीन, मुंडन एवं अंत्येष्टि संस्कारों की सामग्री को एकत्र कर सुरक्षित स्थान पर निस्तारित किया.

इसके पश्चात 8 बजे से विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल, व्यापार महासंघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, फीड बैक फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट एवं नगर पालिका परिषद गंजबासौदा के सदस्य, सांसद प्रतिनिधि, तहसीलदार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी के साथ मिलकर गंज पुल क्षेत्र में श्रमदान हेतु पहुँचे. इस दौरान सामाजिक संगठनों के सहयोग से नदी के मध्य तक मानव श्रृंखला बनाकर दुर्गा एवं गणेश प्रतिमाओं के अवशेष और अन्य अपशिष्ट को नदी से बाहर निकाला गया. कुछ ही घंटों में नदी से 10 ट्रॉली से अधिक मात्रा में कचरा और मूर्तियों के अवशेष निकाले गए, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड रहा. रविवार का यह दृश्य केवल श्रमदान का नहीं, बल्कि श्रद्धा, सेवा और संकल्प के संगम का प्रतीक था. जहां समाज ने यह साबित किया कि नदी केवल जलधारा नहीं, जीवनधारा है. हमारा समाचार पत्र निरंतर श्रमदान दल की अलख को पिछले पाँच वर्षों से जिस जन-जागरण की लौ के रूप प्रज्वलित वह अब जन-जन के मन में पर्यावरणीय चेतना और जिम्मेदारी की ज्वाला बनकर फैल रही है. हालांकि अभियान के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि प्रशासनिक दावों के बावजूद नदी में अब भी बड़ी मात्रा में प्लास्टिक और पीओपी की मूर्तियाँ पाई गईं. जो यह दर्शाती हैं कि केवल निर्देश नहीं, बल्कि व्यवहारिक परिवर्तन और सामूहिक भागीदारी ही इस समस्या का स्थायी समाधान है. स्वच्छता अभियान के दौरान श्रमदान दल के सदस्यों ने कहा कि श्रद्धा तभी पूर्ण होती है, जब वह स्वच्छता से जुड़ती है. माँ वेत्रवती के आंचल में पलने वाले हर जीव-जंतु की रक्षा हम सब नागरिकों का नैतिक कर्तव्य है. इसलिए नगर वासियों ने आग्रह है कि वे भी मां बेतवा की स्वच्छता के लिए चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान का हिस्सा बने. केवल कुछ घंटे देकर श्रमदान अभियान को बल दे बाबजूद गर किसी भी कारण से आप श्रमदान करने नहीं पहुंच पा रहे है तो कम से कम न स्वयं साथ ही साथ अन्य लोगों को भी जीवन दायिनी नदियों को साफ स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करें. वैसे भी कहां जाता है कि गंदगी न करना भी स्वच्छता अभियान में सहयोग करने के बराबर है.

## शताब्दी वर्ष पर निकलेगा भव्य पथ संचलन

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई,** नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया जाएगा. इस अवसर पर नगर के स्वामी विवेकानंद पार्क मुरलीधर मंदिर के पास से प्रमुख मार्गों से बैंड दल, ध्वजवाहक दल एवं संस्थान के विद्यार्थियों, सदस्यों व सामाजिक कार्यकर्ताओं की अनुशासित टुकड़ियाँ भाग लेंगी. पथ संचलन में पूर्ण गणवेश के साथ गौरवशाली इतिहास और आदर्शों का संदेश जन-जन तक पहुँचाएंगे. विदिशा विभाग के विभाग प्रचारक सौरभ सिंह के उद्बोधन के पश्चात नगर भ्रमण के लिए पथ संचलन रवाना होगा, जिसका स्वागत नगरवासियों द्वारा पुष्पवर्षा व्यवस्था के साथ किया जाएगा. संचलन का समापन मुख्य आयोजन स्थल पर होगा, स्वयंसेवको ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं. शताब्दी वर्ष का यह आयोजन की गौरवपूर्ण यात्रा एवं समाजसेवा की निरंतर परंपरा का प्रतीक बनेगा.



# युवा उत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**खास बातें**

- **भारतीय ज्ञान परंपरा थीम पर आधारित हुआ युवा उत्सव**
- **महाविद्यालय में हुई विभिन्न स्पर्धायें**

**नवभारत न्यूज**

सिरोंज, शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा थीम पर आधारित युवा उत्सव कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ. यह आयोजन 8 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक चले इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और सृजनशीलता का अद्भुत प्रदर्शन किया. कार्यक्रम में पोस्टर निर्माण, रंगोली, क्ले मॉडलिंग, प्रश्न मंच, कोलाज, कार्टूनिंग जैसी विभिन्न स्पर्धायें आयोजित की गई. जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. पोस्टर निर्माण में प्रथम रिशिता साहू, द्वितीय शीतल नगीना, तृतीय निशा नामदेव, क्ले मॉडलिंग में प्रथम कान्हा यादव, द्वितीय मयूर यादव, रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम मधु चौकसे, द्वितीय विनीता कुशवाह, तृतीय स्वाति साहू, प्रश्न मंच में प्रथम निशा नामदेव, द्वितीय रिशिता साहू, तृतीय डाली पंथी, कोलाज प्रतियोगिता में प्रथम शीतल नगीना, द्वितीय मयूरी यादव, तृतीय निशा नामदेव एवं कार्टूनिंग प्रतियोगिता में प्रथम रिशिता साहू, द्वितीय पूनम विश्वकर्मा, तृतीय उमा पाल, वक्तृता प्रतियोगिता में प्रथम रिशिता साहू, द्वितीय सुरक्षा बघेल, तृतीय स्वाति साहू रही. कार्यक्रम की युवा उत्सव प्रभारी कल्पना पंचोली ने बताया कि विद्यार्थियों में भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति जागरूकता और सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन हेतु यह आयोजन किया गया. महाविद्यालय के प्राध्यापक सीताराम तिवारी एवं प्राचार्य डॉ. लालचंद राजपूत ने विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दी.